भोपाल शुक्रवार । 21 नवंबर 2025 । वर्ष 69 । अंक 287 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 मानवता के साधक- आचार्य विशुद्ध सागर महाराज


5 भारत को अमेरिका देगा एंटी टैंक मिसाइलें


8 दीक्षा डागर ने डेफलंपिक्स में जीता गोल्ड


9 वित्त मंत्री ने बजट को लेकर की चर्चा


## एक नजर में



### 4 आरोपियों को मिली 10 दिन की एनआईए कस्टडी

नई दिल्ली. 10 नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास हुए फिदायीन हमले में जांच एजेंसी एनआईए ने बड़ी सफलता पाई है. इस आतंकी घटना से जुड़े चार आरोपियों को एनआईए ने भारी सुरक्षा के बीच आज दिल्ली के पटियाला हाऊस कोर्ट में पेश किया. इन चारों आरोपियों के चेहरे काले कपड़े से ढके थे. इनका नाम डॉक्टर मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद है. पेशी के बाद कोर्ट ने इन चारों आरोपियों को 10 दिनों की रिमांड पर एनआईए को सौंप दिया है. अब जांच एजेंसी इन आरोपियों के साथ तसल्ली से पूछताछ करेगी और दिल्ली धमाके से जुड़े कई बड़े खुलासे कर सकती है. इन चारों की गिरफ्तारी के साथ दिल्ली बम धमाके में कुल गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या 6 हो गई है.

### रॉबर्ट वाड्रा पर ईडी ने कसा शिकंजा



नई दिल्ली. विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जीजा और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिर शिकंजा कस दिया है. ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चार्जशीट) फाइल की है. ईडी ने संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा को नौवां आरोपी बनाया है. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है. राउज एवेन्यू कोर्ट इस मामले पर 6 दिसंबर को सुनवाई करेगी.

# 10वीं बार नीतीशे कुमार

**26** मंत्रियों ने बिहार में ली शपथ | **14** मंत्री बीजेपी कोटे से बने | **08** मंत्री बने जदयू से | **02** मंत्री लोजपा (आर) से | **01** -01 को हम और कुशवाहा की पार्टी से मंत्री बनाया गया

**पटना, 20 नवंबर. नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. गांधी मैदान में गुरुवार को हुए भव्य समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे. इसके अलावा एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए.**

डिप्टी सीएम के रूप में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली. वहीं 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली. जिनमें 14 बीजेपी कोटे से, 8 जदयू से, 2 लोजपा (आर) से जबकि हम और कुशवाहा की पार्टी से 1-1 को मंत्री बनाया गया है. इस मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है. जदयू ने जमा खान को फिर मंत्री बनाया है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता दल यू के प्रमुख नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और भाजपा नेताओं सम्राट चौधरी तथा विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है. प्रधामंत्री ने नीतीश मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ लेने वाले नेताओं को भी बधाई दी है. शपथ ग्रहण के कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में सभी नेताओं को बधाई दी.

उन्होंने कहा, नीतीश एक कुशल और अनुभवी प्रशासक हैं. राज्य में सुशासन का उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है. नए कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी हार्दिक शुभकामनाएं! एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बिहार के डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनने पर बधाई दी.



### गृह मंत्री अमित शाह ने दी बधाई

गृह मंत्री अमित शाह ने 20 साल से एनडीए की ओर से किए जा रहे विकास और सुशासन पर विश्वास जताने के लिए बिहार की जनता का आभार जताया. इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्री परिषद के सभी मंत्रियों को शपथ ग्रहण की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि यह डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित बिहार के विजन को साकार बनाने और सभी वर्गों तक विकास कार्य पहुंचाने के लिए और अधिक ऊर्जा से कार्य करेगी.

### सीएम डॉ. यादव बिहार सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में पटना में आयोजित बिहार सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीतीश कुमार द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा उप मुख्यमंत्री और अन्य सदस्यों द्वारा मंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए सरकार समाज के हर वर्ग के समग्र उत्थान और विकसित बिहार बनाने के संकल्प को नई गति व ऊर्जा देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ समर्पित रहेगी.



# उज्जैन- ओंकारेश्वर हेली पर्यटन सेवा शुरू

- जल संसाधन मंत्री सिलावट ने किया शुभारंभ
- पर्यटक कर सकेंगे एक दिन में दोनों ज्योतिर्लिंग की यात्रा

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 20 नवंबर. आज इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर सेवा शुरू कर दी है. इंदौर में उज्जैन 20 मिनट में पहुंच सकते है. वही ओंकारेश्वर जाने के लिए 40 मिनट का सफर तय करना पड़ेगा. पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के तहत उज्जैन से ओंकारेश्वर की यात्रा की जा सकती है.**



उक्त सेवा का शुभारंभ जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने किया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में बड़ी सौगात देते हुए धार्मिक स्थल को जोड़ने वाली पीएम श्री हवाई यात्रा शुरू की है. आज इंदौर में बिचौली मर्दाना हेलीपेड से यात्रियों ने उज्जैन की उड़ान भरी और 20 मिनट बाद हेलीकॉप्टर उज्जैन में उतर गया. हेली सेवा से उज्जैन पहुंचने पर यात्रियों का पुष्पवर्षा और परंपरागत स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया.

## सुको ने राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली, 20 नवंबर.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी अंतरिम रोक को 4 दिसंबर तक बढ़ा दिया. मामला 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है. जस्टिस एमएम सुंदरश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई स्थगित करते हुए बताया कि स्थगन के लिए लेटर सर्कुलेट हुआ था. राहुल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 29 मई के आदेश को चुनौती दी है.


## राज्यपाल अनिश्चितकाल तक विधेयक को नहीं रोक सकते : सुको

**नई दिल्ली, 20 नवंबर ( वार्ता ) उच्चतम न्यायालय ने एक अहम संवैधानिक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्य के राज्यपाल राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक को अनिश्चित काल तक नहीं रोक सकते.**

न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपालों को मंजूरी देने या न देने के लिए जरूरी समय सीमा तय नहीं कर सकता, लेकिन राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते. हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि लंबे समय तक, बिना किसी वजह के मंजूरी नहीं दिये जाने के मामलों में न्यायालय विधेयक की प्राथमिकता की जांच किए बिना एक निश्चित अवधि में फैसला करने का निर्देश देते हुए एक सीमित परमादेश रिट जारी कर सकते हैं.

गौरतलब है कि आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा.

# वीर सपूत आशीष को अश्रुपूर्ण विदाई



**नरसिंहपुर, 20 नवंबर ( वार्ता )** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान संयुक्त ऑपरेशन में शहीद हुए हॉक फोर्स इंस्पेक्टर आशीष शर्मा का पार्थिव शरीर गुरुवार दोपहर उनके गृह ग्राम बोहानी लाया गया, जहां हजारों लोगों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी. पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बोहानी पहुंचकर शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राव उदय प्रताप सिंह और डीजीपी कैलाश मकवाणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे.





# भारतीय चीता मुखी ने 5 शावक जन्मे

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 20 नवंबर. कूनो नेशनल पार्क से आज गुरुवार को फिर से खुशखबरी आई है. यहां पहली भारतीय मादा चीता मुखी ने 5 शावकों को जन्म दिया है. भारत में ही जन्मी 33 महीने की मादा चीता मुखी का मां बनना 'चीता प्रोजेक्ट' की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. शावकों के जन्म की खबर मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय वनमंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी.**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लिखा, भारत में जन्मी चीता मुखी ने मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में पांच बच्चों को जन्म देकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. मां और बच्चे सेहतमंद हैं. यह भारत के चीता रीइंट्रोडक्शन इनिशिएटिव के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी है. 33 महीने की मुखी भारत में जन्मी पहली मादा चीता है और अब बच्चे पैदा करने वाली भारत में जन्मी पहली चीता बन गई है. जो प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी कामयाबी है. गौरतलब है कि श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता नभा की मौत के बाद यह अच्छी खबर आई है.



### सीएम ने जताई खुशी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 20 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी मादा चीता मुखी द्वारा पांच शावकों को जन्म देने पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मां और शावक स्वस्थ हैं. उन्होंने कहा कि भारत में चीता पुनरुत्पादन पहल के लिए यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है.

## जम्मू के कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापा

**श्रीनगर, 20 नवंबर.** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की. एजेंसी ने देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में कश्मीर टाइम्स के कार्यालय पर छापा मारा. यहां से एके-47 के कारतूस और पिस्तौल बरामद की गई. अधिकारियों ने कहा कि एसआईए के अधिकारियों ने प्रकाशकों और प्रवर्तकों के खिलाफ एक मामला दर्ज करने के बाद अखबार के परिसरों और कंप्यूटरों की गहन जांच की. उन्होंने बताया कि छापेमारी में कई सामान जब्त किया.

**एनडीए की एकजुटता** दलीय, क्षेत्रीय व जातीय समीकरण को साधते हुए एमवाई को मिला महत्व

# नीतीश के अनुभवी हाथों को पुन : बिहार की कमान

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 20 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित विजय के बाद 10वीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल में न सिर्फ जातीय व क्षेत्रीय समीकरण को साधा है बल्कि दलीय एकजुटता को विशेष महत्व देते हुए बिहार में पांच दलों वाले पांच पांडव कहे जाने वाले राजग समूह को उनके ताकत के अनुसार सम्मानित किया है.**

सूत्रों की माने तो भाजपाई रणनीतिकारों ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ज्यादातर शर्तों को स्वीकार कर किसी भी संभावित विवाद को जन्म लेने से पहले ही समाप्त करने का प्रयास किया है. हालांकि भाजपा ने अपने दो ताकतवर नेताओं को पहले की भांति उपमुख्यमंत्री के रूप में मुख्यमंत्री के दोनों तरफ रखकर सत्ता समीकरण को साधने का प्रयास कर दूरगामी सोच को परिलक्षित कर दिया है. सूत्र बता रहे हैं कि भाजपाई रणनीतिकारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष निर्देश पर नीतीश कुमार के उम्र, अनुभव और स्वच्छ राजनीतिक सफर को राजग के ताकत के रूप में स्वीकार कर परिस्थिति अनुकूल होने के बावजूद किसी दूसरे राजनीतिक प्रयोग को हवा नहीं दी. कहा जा रहा है कि मंत्रीमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों के नामों की सूची पर दलों की ओर से एकतरफा निर्णय के बजाय राजग रणनीतिकारों द्वारा गुण-दोष के आधार पर अंतिम फैसला किया गया. पिछले दो दिनों से संभावित नामों की लंबी सूची पर बहुस्तरीय बैठक में चर्चा की गई लेकिन अंतिम निर्णय बुधवार को रात में गृहमंत्री अमित शाह के पटना प्रवास के दौरान व्यापक चर्चा के बाद लिया गया. मंत्रीमंडल गठन में बुजुर्ग और अनुभवी नेताओं की सरपरस्ती में युवाओं व महिलाओं को महत्व देकर राजग ने राजद के एमवाई यानी मुस्लिम व यादव समीकरण के मुकाबले महिला व युवा के नए जुगलबंदी वाले नारे को पंख देने का प्रयास किया है.

( शेष पेज 12 पर )